शीतलादेवी, सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन का 99 प्रतिशत काम पूरा

यशोभूमि/डेस्क

मुंबई। कोलाबा से सीप्ज तक मेट्रो 3 लाइन का काम तेज हो गया है और अब दूसरे चरण के स्टेशनों का काम भी पूरा होने की ओर है। इसके मुताबिक दूसरे चरण में शुरू होने वाली लाइन पर शीतलादेवी मेट्रो स्टेशन का काम 98.8 फीसदी पूरा हो चुका है, जबकि सिद्धिविनायक स्टेशन का काम 99.4 फीसदी पूरा हो चुका है, इसलिए उम्मीद है कि आने वाले महीनों में पूरी मेट्रो लाइन शुरू हो जाएगी। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) के जरिए मेट्रो 3 लाइन के पहले चरण में आरे से बीकेसी तक मेट्रो का निरीक्षण पूरा हो चुका है। अब उन्हें मेट्रो ट्रेन चलाने का सर्टीफिकेट मिलना बाकी है, इसलिए मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) की टीम द्वारा जल्द ही मार्ग के पहले चरण का निरीक्षण करने की उम्मीद है, इसलिए पहला चरण अगस्त के अंत तक यातायात के लिए खुला होने की संभावना है।

सर्टीफिकेट मिलना बाकी

2025 की शुरुआत तक पूर्ण रूट सेवा?

1. वर्तमान में एमएमआरसी द्वारा पहले चरण का मार्ग शुरू करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।
2. उसके बाद दूसरे चरण में वर्ली तक के रूट पर ट्रैफिक शुरू होने की संभावना है। उम्मीद है कि पूरा रूट अगले साल की शुरुआत में शुरू हो जाएगा।